पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर(छ.ग.)

क्रमांक 1372 /नामांकन/2015 रायपुर,दिनांक 11/09/2015

अधिसूचना

............//..............

पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2015–16 में बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम., बी.सी.ए., बी.बी.ए.के प्रथम वर्ष में प्रवेषित विद्यार्थियों का नामांकन सिर्फ आनलाइन ही किया जाना है। नामांकन हेतु विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.prsu.ac.in एवं prsuonline.in में लॉगइन कर नामांकन प्रपत्र भरवाया जाना है।

आनलाईन नामांकन भरने हेतु प्रत्येक विद्यार्थी नामांकन शुल्क की निर्धारित राशि रू. 170/– (एक सौ सत्तर) मात्र जमा करने हेतु डेबिट, क्रेडिट, इंटरनेट बैंकिंग माध्यम के साथ आवश्यक दस्तावेज 10, 12 वीं की अंकसूची पासपोर्ट फोटो आदि की स्केन कापी एवं हस्ताक्षर आनलाईन फार्म के साथ संलग्न करावेंगे।

विद्यार्थियों की सुविधा हेतु चिप्स के द्वारा निर्धारित रू. 50/– (पचास) शुल्क देकर नामांकन फार्म भरवा सकते हैं, चिप्स सेंटर की सूची उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

आनलाईन नामांकन भरने की अंतिम तिथि दिनांक 25.09.2015 है तथा विद्यार्थी आनलाइन नामांकन की हार्ड कॉपी संबंधित् महाविद्यालय में जमा करेंगे,महाविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों से प्राप्त नामांकन की हार्ड कॉपी का परीक्षण कर प्रमाण–पत्र के साथ विश्वविद्यालय के नामांकन विभाग में दिनांक 30.09.2015 के पूर्व आवश्यक रूप से जमा करावेंगे।

आनलाईन नामांकन फार्म भरने में किसी भी प्रकार की असुविधा के समाधान हेतु निम्न हेल्प लाइन नं. में विद्यार्थी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैः–

1	श्री रामजी मण्डावी	– 09826815528
2	श्री दीपेन्द्र दुबे	– 09893059591
3	अधिष्ठाता छात्र कल्याण	– 0771–2262619
4	परीक्षा विभाग	– 0771–2262209

क्रमशः2

अतः शैक्षणिक सत्र 2015–16 के लिए विद्यार्थियों से आनलाइन नामांकन फार्म भराने / पूरित कराने हेतु आदेशित किया जाता है।

(के0के0चन्द्राकर)
कुलसचिव

पृष्ठा.क्रं. 1373 / नामांकन / 2015 रायपुर,दिनांक 11 / 09 / 2015

प्रतिलिपिः

(1) प्राचार्य समस्त संबद्ध महाविद्यालय पं.रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर (छ.ग.)

(2) विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर अध्ययनशाला, पं.रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर को वि.वि. के वेबसाइट में अपलोड कराने अग्रेषित्।

(3) अधिष्ठाता छात्र कल्याण पं.रविशंकर शुक्ल वि.वि. को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु सूचनार्थ अग्रेषित्।

(4) विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी (परीक्षा) पं.रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।

(5) श्री रामजी मण्डावी, श्री दीपेन्द्र दुबे नामांकन शाखा, पं.रविशंकर शुक्ल वि.वि. रायपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ अग्रेषित्।

11/9/15

प्रभारी अधिकारी
उपा. / नामां.विभाग
पं.र.शु.वि.वि.रायपुर छ.ग.